PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Dainik Jagran, Delhi**
**Friday 4th January 2013, Page: 10**
**Width: 6.48 cms, Height: 10.41 cms, a4, Ref: pmin.2013-01-04.37.61**

# दवा खरीद की पारदर्शी प्रक्रिया जल्द

**मुकेश केजरीवाल, नई दिल्ली**

दवा और टीके खरीदने की केंद्र सरकार की प्रक्रिया को पारदर्शी और पेशेवर बनाने के लिए नई एजेंसी जल्द ही अपना काम शुरू कर सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्रीय चिकित्सा सेवा समिति (सीएमएसएस) के मुखिया का चयन कर लिया है। कुछ दिनों के अंदर इसके अन्य बड़े अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस समय विभिन्न केंद्रीय कार्यक्रमों के लिए सालाना 12 से 15 सौ करोड़ रुपये की दवाएं स्वास्थ्य मंत्रालय खुद खरीदता है। नई एजेंसी स्वायत्त रूप से काम करेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस केंद्रीय खरीद एजेंसी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के आवेदनों में से एक का चयन कर लिया गया है। अब नियुक्तियों से संबंधित कैबिनेट समिति (एसीसी) की मंजूरी मिलते ही वह अपना काम संभाल लेंगे। एजेंसी के चार महाप्रबंधकों की नियुक्ति के लिए कुछ दिनों के अंदर ही प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ताकि नए सीईओ अपना काम संभालते ही महाप्रबंधकों का चयन कर सकें। सीईओ भारत सरकार के संयुक्त सचिव (जेएस) स्तर के अधिकारी होंगे और वही इस एजेंसी के महानिदेशक भी होंगे।

Govt.